दिनांक 13 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड क्रमांक 32 एवं 33 में यात्री प्रतीक्षालय का मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर किया भूमि पूजन

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने आज जोन क्रमांक 04 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शिवमंदिर के पास वार्ड 32 एवं वार्ड 33 शनि मंदिर के समीप बस स्टॉप/ यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत रूप से किया जिसकी लागत लगभग 12 लाख 32 हजार है! सर्वप्रथम श्री देवेंद्र यादव द्वारा फूल चढ़ाकर भूमि पूजन की शुरुआत की तथा श्री यादव ने मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर फूल चढ़ाकर , नारियल फोड़कर, पूजा अर्चना कर, गैती चलाकर बस स्टॉप/ यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर किया! श्री यादव ने मंदिर में पूजा अर्चना किया तथा वार्ड 32 में संगम चौक के समीप शिव मंदिर के पास बरामदा आदि निर्माण कार्य का शिलान्यास मोहल्ले वासियों के साथ किया! इस बीच श्री यादव ने बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद भी प्राप्त किया! उपस्थित विभिन्न लोगों ने श्री यादव का पुष्पगुच्छ एवं पुष्प हार से स्वागत किया ! श्री यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कुछ कार्य बहुत महत्वपूर्ण होते हैं जिसकी शुरुआत आज हुई है, इस कार्य के लिए लोगों ने मांग की थी जिस पर हमने राशि की स्वीकृति दी है और कार्य की शुरुआत भी कर दी है! यह कार्य जन भावनाओं से जुड़ा हुआ कार्य है , आने जाने वाले सभी यात्रियों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा गर्मी के दिनों में हो चाहे बारिश के दिनों में वाहन आदि के इंतजार के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं होगी ! सभी को परिवार जैसे मिलजुल कर कार्य करना है मुझे आप सभी ने यहां पर बुलाया मैं इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं!

इस दौरान मोहल्ले के निवासी एवं नगर निगम भिलाई के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे!

जल है तो कल है जल ही जीवन है!